
# शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार : नायक

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**भोपाल, 27 अगस्त. कांग्रेस ने बुधवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता आयोजित कर प्रदेश की शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए.**

**कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा में हो रहे फर्जीवाड़े और शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में फैकल्टी की भारी कमी से हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है. भाजपा सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है. यह शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ गंभीर मामला है. यदि सरकार चाहती है कि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे तो उसे तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे. वर्तमान स्थिति प्रदेश के लिए चिंताजनक है.**



कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को माफिया संचालित कर रहे हैं और सरकार की मौन स्वीकृति से छात्रों को निजी महाविद्यालयों में दुगनी-तिगुनी फीस चुकाने पर मजबूर किया जा रहा है. शासकीय कॉलेजों की उपेक्षा कर भाजपा सरकार कमीशन के लालच में निजीकरण को बढ़ावा दे रही है नर्सिंग कॉलेज घोटाले की दो बार सीबीआई जांच हो चुकी है, लेकिन गड़बड़ियाँ जस की तस बनी हुई हैं.

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश के 13 शासकीय नर्सिंग कॉलेज ऐसे हैं जिनमें नियम अनुसार प्राचार्य, उप प्राचार्य, प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर तक नहीं हैं. हैरानी की बात है कि 3 कॉलेजों में तो सिर्फ 1-1 फैकल्टी के भरोसे पूरी व्यवस्था चलाई जा रही है. यह न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर खतरा है हम दावे के साथ कह रहें 2025-26 सत्र में इन 13 नर्सिंग कालेजों को मान्यता नहीं मिलेगी. एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर प्रदेश की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई लगातार आवाज उठा रही है, लेकिन सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है. भाजपा सरकार की यही नीति प्रदेश की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट कर रही है.

> कांग्रेस ने मांग की है कि नर्सिंग कॉलेजों में संदिग्ध नियुक्तियों और फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए. जिन शासकीय कॉलेजों में फैकल्टी की भारी कमी है, वहाँ तत्काल नियम अनुसार स्टाफ की नियुक्ति की जाए. हाईकोर्ट द्वारा गठित जुलानिया समिति की रिपोर्ट की फॉरेंसिक जांच कर वास्तविक कमियों को सार्वजनिक किया जाए. दोषी प्राचार्य, फैकल्टी और अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्यवाही की जाए. छात्रों को शैक्षणिक नुकसान से बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था और अस्थायी समाधान तत्काल लागू किए जाएं.

# ओबीसी आरक्षण को लेकर आज सर्वदलीय बैठक

## प्रदेश में 27 फीसदी आरक्षण पर छह वर्ष से लगी है रोक

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 अगस्त. प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिये जाने के मामले में गुरुवार को सर्वदलीय बैठक होगी. जिससे कि समाधान की राह निकले. प्रदेश में ओबीसी वर्ग को भर्तियों में 27 फीसदी आरक्षण देने का मामला पिछले 6 वर्ष से लंबित पड़ा है.**

इस बीच मप्र लोक सेवा आयोग ने ओबीसी वर्ग के चयनित उम्मीदवारों की याचिका को निरस्त करने के लिये लगाये गये काउंटर शपथ पत्र को सुप्रीम कोर्ट से वापस लेने के लिये आवेदन कर दिया है. फिलहाल ओबीसी आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. आयोग ने शपथ पत्र वापस लेने के लिये जो दलील दी है, उसमें कहा गया है कि ये हमसे गलती से फाइल हो गया था. हम 27 फीसदी आरक्षण को लेकर दूसरा शपथ पत्र देंगे. प्रदेश में वर्ष 2019 से ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण का फायदा नहीं मिल पाया है. इस अवधि में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र इसलिये नहीं दिये जा रहे हैं, क्योंकि इस मामले में याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. वहीं दूसरी तरफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी इस संबंध में बने भ्रम को साफ करते हुए कहा है कि कोर्ट की ओर से कोई रोक नहीं है, तो करना चाहते हैं, करने के लिये स्वतंत्र हैं.

यहां बता दें कि कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी किया था, लेकिन मार्च 2020 में होईकोर्ट ने यह कहते हुए निर्णय पर रोक लगा दी थी कि आरक्षण 50 फीसदी से अधिक नहीं हो सकता. बाद में सितंबर 2021 में राज्य सरकार ने नई गाइड लाइन बनाई, तत्कालीन महाधिवक्ता की राय के बाद बने गाइडलाइन के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 27 फीसदी आरक्षण देने की अनुमति दी.

> हाईकोर्ट ने अगस्त 2023 में 87 पदों को भरने और 13 फीसदी पदों को होल्ड पर रखने का फार्मला दिया, लेकिन बाद में हाईकोर्ट ने इस फार्मले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 28 जनवरी 2025 को खारिज कर दिया, उसके बाद 27 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हुआ. बाद में राज्य सरकार 13 फरवरी 2025 को इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट गई और इस मामले में जल्द सुनवाई का आग्रह किया. सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च 2025 को मप्र हाईकोर्ट को ओबीसी आरक्षण के मामले में किसी भी तरह की सुनवाई करने पर रोक लगा दी. इस मामले में पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर राजनीति हो रही है. विपक्षी दल कांग्रेस आरोप लगा रही है कि भाजपा सरकार 27 फीसदी आरक्षण लागू नहीं करना चाहती है और मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है. इसलिये अब सरकार सर्वदलीय बैठक कर परस्पर सहमति बनाने की राह पर है.

# टमाटर से भरा वाहन खंभे से टकराया

## हाइवे 18 पर मवेशियों के कारण रोज़ हो रहे हादसे, ज़िम्मेदार बेखबर

**नवभारत न्यूज़**

**सलामतपुर, 27 अगस्त. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर दीवानगंज पीएम श्री स्कूल के सामने बुधवार सुबह 5:30 के आसपास इंदौर से टमाटर लेकर गंजबासौदा जिला विदिशा जा रहा लोडिंग मैजिक वाहन सड़क पर बैठी गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतरते हुए 11 केवी बिजली के खंभे से जा टकराया.**

हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं चालक की



जान बाल-बाल बची. स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर अक्सर मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं हो रहीं हैं. हाइवे 18 और एनएच 146 पर मवेशी बालमपुर घाटी से लेकर भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़िया, बेरखेड़ी चौराहा, सलामतपुर, त्रिमूर्ति चौराहा, ढकना चौराहा सहित आमखेड़ा पर बड़ी संख्या में बैठे रहते हैं. रात के समय दिखाई नही देने पर सड़क हादसे हो रहे हैं. जिसमें मोटरसाइकिल सवार भी घायल हो रहे हैं. जबकि कुछ समय पहले ही प्रदेश सरकार ने इस मामले में संज्ञान लिया था. और इसी मामले पर राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भी कहा था कि पशुपालक अपने गाय पशुओं को खुला छोड़ देते हैं, जिससे सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं. और गौ माताओं की मौत हो जाती है. इसे लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है.

# ऐसी मुरलिया बजा के हमाओ श्याम जियरा न जारो...

## पन्ना के श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह शुरू

**भोपाल, 27 अगस्त. संस्कृति संचालनालय एवं जिला प्रशासन पन्ना के सहयोग से 27 से 31 अगस्त तक राधाष्टमी के अवसर पर श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में पाँच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन किया गया है.**

समारोह में प्रतिदिन रासलीला, भक्ति गायन एवं प्रदेश के स्थानीय लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया है. समारोह के पहले दिन बुधवार को पूर्वरंग अंतर्गत शान्ति पटेल एवं साथी-गुन्नौर द्वारा भक्ति गायन में कृष्ण भजन ऐसी मुरलिया बजा के



हमाओ श्याम जियरा न जारो..., आओ मोरे श्याम पधारो लिओ आसान..., बस गए जुगल किशोर हमारे मन बस गए जुगल किशोर..., पन्ना जिला की महिमा - जैसों जिला हमाओ पन्ना..., रात श्याम सपने में चुनरिया तानी...., राधा रानी को भव अवतार..., जैसे भजन एवं लोक गीत की प्रस्तुति दी.

> वहीं ज्ञानेश्वरी नायडू एवं साथी-कटनी द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति दी गई. यह नृत्य बुंदेलखंड के जनमानस का हर्ष और उल्लास अभिव्यक्त करता है. इस नृत्य में कलाकार फागें गाकर नृत्य करते हैं. राई के गीत ख्याल, स्वाँग आदि और भी कई प्रकार के होते हैं. मृदंग की थाप पर घुंघरुओं की झंकारती राई और उसके साथ नृत्यरत स्वांग मनोरंजन के साथ परंपरा को व्यक्त करते हैं. राई नृत्य के साथ यहाँ विशेषत: सुप्रसिद्ध लोक कवि ईसुरी की फागें भी गाई जाती हैं.



# गरीबों के हक का राशन हड़पने वाले पर विभाग मेहरबान

**सीहोर.** जिले के तहसील इछावर अंतर्गत कुछ दिन पूर्व तीन माह का राशन वितरण किया जाना था. जिसमें स्व सहायता समूह सिराड़ी की दुकान संचालक द्वारा पूरे गांव में हितग्राहियों के अंगूठे मशीन में लगवाकर राशन नहीं दिया गया. इस मामले में एसडीएम इछावर को जानकारी लगते ही दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया. परंतु फिर भी हितग्राहियों को राशन नहीं मिला. पात्र हितग्राहियों के हक का राशन डकराने वालों पर विभाग के लोग कैसे मेहरबान हैं. इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संबंधित पर कार्रवाई न करते हुए एक बार फिर उसे राशन देने के लिए पाबंद कर दिया गया है, जबकि विगत 03 वर्ष पूर्व छापरी की शासकीय उचित मूल्य दुकान पर भी इसी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितताएं होने पर समिति प्रबंधक और विक्रेता पर एफआईआर की गई थी. लेकिन सिराड़ी समूह पर एफआईआर करने में शासन द्वारा क्यों लापरवाही की जा रही है. इस संबंध में उपभोक्ताओं ने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी.



# नदयां में पाल समाज पर ठाकुरों का हमला, 5 घायल

**छतरपुर, 27 अगस्त. जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के नदयां गांव में बीती रात तनावपूर्ण माहौल बन गया. देर रात करीब 10 बजे गांव के पाल समाज पर ठाकुर समाज के 30 से 40 लोगों ने अचानक हमला कर दिया. लाठी-डंडों से हुए इस हमले में पाल समाज के 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**

घायलों में हरिदास पाल, वृंदावन पाल, हरिराम पाल, ब्रजमोहन पाल और जागेश्वर पाल शामिल हैं. सभी को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है.

घटना की सूचना मिलते ही राजनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस ने कहा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. गांव में हमले के बाद से तनाव का माहौल बना हुआ है. प्रशासन ने स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है.

### पुलिस की पक्षपाती कार्यवाही के विरोध में प्रदर्शन

प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम बदौराकला के ग्रामीणों ने बुधवार दोपहर करीब 2 बजे चौबे तिराहे पर सड़क जाम कर दिया. इस दौरान लोगों ने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन में मौजूद पीड़िता शिवकुमारी यादव ने आरोप लगाया कि थाने की पुलिस ने उनके बेटे के खिलाफ तो कार्रवाई कर दी, लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई. उन्होंने यह भी दावा किया कि जब उन्होंने बार-बार शिकायत करने की कोशिश की, तो पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट तक की.

# रेत माफियाओं ने किया हमला

- माइनिंग टीम पर हमला कर ट्रैक्टर ले भागे
- माफियाओं ने सैनिक को धक्का देकर नीचे गिराया

**छतरपुर, 27 अगस्त. जिले में खनन माफिया माइनिंग विभाग की टीमों पर भारी पड़ रहे हैं. नदियों और नालों से रेत निकालकर ट्रैक्टरों में सप्लाई करने वाले खनन माफिया जब कार्रवाई होती है तो हमला कर भाग निकलते हैं.**

ऐसा ही मामला पन्ना रोड पर सामने आया. माइनिंग विभाग ने एक ट्रैक्टर-ट्राली को रेत से भरा हुआ पकड़ा और दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक कोई कागजात नहीं दिखा पाया. इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर एक सैनिक को थाने साथ भेजा गया. इसी दौरान कुछ लोग आए और ट्रैक्टर को घेर लिया. उन्होंने सैनिक को धक्का देकर गिरा दिया और रेत भरी ट्रॉली लेकर भाग गए. भागते समय माफियाओं ने सड़क पर ही रेत खाली कर दी. सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि उपेंद्र यादव, विमलेश यादव, गजराज यादव और तनु यादव के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है.

# अपहरण करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बैरसिया, 27 अगस्त. बैरसिया थाना पुलिस ने एक अपहृत बालिका को विदिशा जिले के सिरोंज से बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन के मुताबिक 22 अगस्त को फरियादी ने रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग लड़की उम्र करीबन 14 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया.**

थाना बैरसिया पुलिस ने अपहरण का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. विवेचना के दौरान फरियादी द्वारा अनिकेत जैन निवासी सेमरा रोड बैरसिया



पर संदेह जाहिर किया गया. नाबालिग की तलाश के लिए एसडीओपी पुलिस सर्वप्रिय सिन्हा (आईपीएस) के मार्गदर्शन एवं टीआई सेन के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर संदेही एवं अपर्हत बालिका को तलाशने रवाना की गई. पुलिस टीम को सूत्रों से पता चला कि अपर्हता व संदेही बागेश्वर धाम से निकलकर सिरोंज विदिशा तरफ गए हैं.

> पुलिस टीम द्वारा सिरोंज विदिशा से अपहृत बालिका को सकुशल बरामद किया गया. बालिका से पूछताछ के आधार पर आरोपी अनिकेत जैन, पप्पू उर्फ भैरोसिंह जाटव, सुनील मीणा निवासी ग्राम जमूसरकलां थाना बैरसिया को गिरफ्तार किया गया. उक्त कार्यवाही में निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार सेन, उपनिरीक्षक प्रियांशी कौरव, आरक्षक दिवेश, रामसेवक, मनीष, प्रधान आरक्षक मुश्ताक सायबर सेल देहात भोपाल का विशेष योगदान रहा.

# अभा ग्राहक पंचायत ने जोड़े नए सदस्य

**बैरसिया, 27 अगस्त. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की भोपाल जिला ग्रामीण इकाई द्वारा अगस्त में जारी सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को नगर बैरसिया में सैकड़ों नए सदस्य जोड़े गए. साथ ही त्रिमासिक पत्रिका ग्राहक अर्थ वितरित की गई.**

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि नगर के व्यस्त बाजार में कार्यकर्ताओं ने लोगों से जनसंपर्क कर नए सदस्य बनाए. यह सदस्यता अभियान संगठन मंत्री राजनारायण सिंह, अध्यक्ष



> सदस्यता अभियान बाजार भ्रमण में संगठन मंत्री राजनारायण सिंह भोपाल जिला ग्रामीण के सचिव सुनील शर्मा, रोजगार सृजन आयाम अमित साहू, अक्षय जैन, पूरन सिंह राजपूत, कैलाश कुशवाह, विजयराम अहिरवार, रोहित जाट, देवराज राजपूत, विनोद साहू आदि कार्यकर्ता शामिल थे.

खजानसिंह, उपाध्यक्ष बलराम रत्नाकर के नेतृत्व में चलाया गया.

जहां ग्राहकों के साथ व्यापारियों ने भी संगठन से जुड़ने में अच्छी खासी रुचि दिखाई और सराफा किराना, होटल, वस्त्र, जनरल स्टोर जैसे अन्य व्यापार से जुड़े नागरिकों ने संगठन के पत्रक भरकर सदस्यता ली. साथ ही उन्होंने संगठन के उद्देश्य और इससे होने वाले लाभ के बारे में समझा. कार्यकर्ताओं ने शोषण मुक्त समाज और ग्राहक सशक्तिकरण को राष्ट्र की प्रथम आवश्यकता बताते हुए पंच परिवर्तन के प्रकार समझाए.



# बीएचईएल भोपाल में इंस्पायर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

- 38 अधिकारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया
- अफसरों से किया चुनौतियों का सामना करने का आग्रह

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 27 अगस्त. बीएचईएल भोपाल में नव पदोन्नत अधिकारियों के लिए आयोजित छह दिवसीय इंस्पायर प्रशिक्षण कार्यक्रम हाल ही में प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम का शुभारंभ रूपेश तेलंग, महाप्रबंधक (फीडर्स, टीसीबी-एमएफजी, कॉम. एवं मेंट.) द्वारा किया गया था, जबकि समापन समारोह में टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा सुरेखा बंचोर, अतिरिक्त महाप्रबंधक (एचआरडीसी) उपस्थित रहीं.**

कुल 38 अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया, जिसका उद्देश्य उन्हें नई जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना था. अपने उद्बोधन में रूपेश तेलंग ने अधिकारियों को सजग एवं जिम्मेदार रहकर नई भूमिकाओं का निर्वहन करने का आह्वान किया और उन्हें भविष्य की चुनौतियों में सफलता की शुभकामनाएं दीं. समापन सत्र में टी.यू. सिंह ने सतत् अधिगम के महत्व पर बल देते हुए अधिकारियों से कंपनी की बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए सदैव तैयार रहने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों का अधिकतम लाभ लेना प्रत्येक अधिकारी के लिए आवश्यक है.

### गुणवत्ता, सुरक्षा-सतर्कता का दिया प्रशिक्षण

इस कार्यक्रम में गुणवत्ता, सुरक्षा, सतर्कता, वित्तीय प्रबंधन, व्यावसायिक संचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एचआर एवं सीडीए नियम, तनाव प्रबंधन और टीम बिल्डिंग जैसे विविध विषय शामिल थे. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कीर्ति सिंह, प्रबंधक (एचआरडीसी) द्वारा किया गया.

# पति- पत्नी ने जहर खाया, रायसेन रेफर

**सिलवानी.** बम्होरी थाना अंतर्गत ग्राम बाजनी रमपुरा में मंगलवार रात पति-पत्नी ने अज्ञात कारणों के चलते ज़हर खा लिया. दोनों को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल सिलवानी से जिला चिकित्सालय रायसेन रेफर किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जालम सिंह भील (24 वर्ष) एवं उनकी पत्नी नूरी बाई (22 वर्ष) निवासी ग्राम बाजनी रमपुरा ने किसी बात से व्यथित होकर यह घातक कदम उठाया. परिजनों के अनुसार दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे और विवाह के बाद साथ रह रहे थे. अचानक दोनों की तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया. थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

**उपलब्धि** | एचईआई अभियान में मिला प्रथम स्थान, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

# सोशल मीडिया पर छाया निटर भोपाल

**भोपाल, 27 अगस्त. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल ने देश भर के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों की उपलब्धियों को उजागर करने वाले HEI Success Stories अभियान में अपनी प्रभावशाली डिजिटल उपस्थिति और उत्कृष्ट कार्यों के बल पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है.**

यह रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने हाल ही में जारी की है. 18 नवम्बर 2024 से 13




मई 2025 तक चले इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत कुल 58 पोस्ट्स विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साझा की गईं. इस अभियान में निटर भोपाल को अपने योगदान और गतिविधियों के लिए 2,39,100 इम्प्रेशंस प्राप्त हुए, जिससे वह सभी संस्थानों में शीर्ष स्थान पर रहा. इसके बाद क्रमश: आईआईटी खड़गपुर (2,32,800), केंद्रीय विश्वविद्यालय तमिलनाडु (2,24,200), आईआईएम अहमदाबाद (1,88,000) और केंद्रीय विश्वविद्यालय कश्मीर (1,72,100) का स्थान रहा.

हायर एजुकेशन इंस्टीटूशन्स की सक्सेस स्टोरीज अभियान का उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की सक्सेस स्टोरीज को सामने लाकर उनके श्रेष्ठ अनुभवों, नवाचारों और उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना था. इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो. सी. सी. त्रिपाठी ने कहा की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि निटर भोपाल, न केवल तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था है, बल्कि वह भारत में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता और नेतृत्व का सशक्त प्रतीक बन चुका है.

> संस्थान के डीन एवं पीआरओ प्रो. पी.के. पुरोहित ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का भी प्रमाण है कि हमारी गतिविधियाँ आम जनता और शैक्षणिक समुदाय के बीच सार्थक रूप से पहुँच रही है. यह सफलता हमारे पूरे संस्थान की सामूहिक प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता की परिणति है. इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो. त्रिपाठी ने संस्थान के मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्यों प्रो. पुरोहित, जीतेन्द्र चतुर्वेदी, संजय त्रिपाठी एवं बबली चतुर्वेदी को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी.